जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

2 अक्टूबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

# जामिया ने महात्मा गांधी को उनकी 155वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, स्वच्छ भारत दिवस मनाया

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने महात्मा गांधी की 155वीं जयंती मनाने और स्वच्छता के लिए सबसे महत्वपूर्ण जन आंदोलनों में से एक - स्वच्छ भारत मिशन के शुरू होने के 10 साल पूरे होने के अवसर पर आज स्वच्छ भारत दिवस 2024 मनाया। "स्वच्छता ही सेवा मेला 2024" के अंतर्गत विश्वविद्यालय ने कई कार्यक्रमों का आयोजन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।

एनएसएस, जामिया के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आबिद हुसैन की अगुवाई में एक जागरूकता रैली निकाली, जिसे जामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो मोहम्मद शकील ने कुलपति कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली परिसर और आस-पास के इलाकों का चक्कर लगाने के बाद विश्वविद्यालय के शताब्दी गेट पर समाप्त हुई। जामिया के कार्यवाहक कुलसचिव श्री एम. नसीम हैदर भी रैली को हरी झंडी दिखाने में कार्यवाहक कुलपति के साथ शामिल थे। रैली में एनएसएस के स्वयंसेवकों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के शिक्षक और गैर-शैक्षिक कर्मचारी भी शामिल हुए।

विश्वविद्यालय के डॉ. जाकिर हुसैन पुस्तकालय और डीन छात्र कल्याण कार्यालय ने संयुक्त रूप से "महात्मा गांधी: जीवन और कार्य" शीर्षक से एक व्याख्यान एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यवाहक कुलपति ने जामिया के कार्यवाहक कुलसचिव श्री एम. नसीम हैदर, डीन, विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विकास एस. नागराले, शिक्षकों और गैर-शैक्षिक कर्मचारियों की उपस्थिति में किया।

प्रदर्शनी में विभिन्न भाषाओं में महात्मा गांधी के कुछ हस्तलिखित निजी पत्र, उनकी तस्वीरें, उन पर और उनके द्वारा लिखी गई किताबें, उनके समाचार पत्र 'यंग इंडिया' की एक प्रति और अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखीय सामग्री प्रदर्शित की गई है। यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए एक सप्ताह तक खुली रहेगी।

विश्वविद्यालय पुस्तकालय में महात्मा गांधी के जीवन और विरासत का स्मरण करते हुए एक विशेष व्याख्यान भी आयोजित किया गया जिसमें जामिया मिल्लिया इस्लामिया के इतिहास विभाग से प्रो रवींद्रन गोपीनाथ ने व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों के छात्रों ने महात्मा गांधी और भारत के लिए उनके दृष्टिकोण पर भाषण दिए। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय की संगीत टीम ने गांधी जी का पसंदीदा भजन गाया। कार्यक्रम का समापन उप पुस्डॉतकालयाध्यक्ष डॉ सुफियान अहमद के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

विश्वविद्यालय ने दिनांक 17 सितंबर से 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा समारोह मनाया जिसका समापन आज स्वच्छ भारत दिवस के साथ हुआ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया